# विक्टोरिया में टिकटिंग के लिए आपकी मार्गदर्शिका




**2024**
के किराए नि:शुल्क ट्राम ज़ोन मैप शामिल है

PUBLIC TRANSPORT VICTORIA

## अपना myki कार्ड खरीदें और टॉप अप करें

संपूर्ण किराया कार्ड का मूल्य $6 और रियायती कार्ड का मूल्य $3 है।

आप अपना myki निम्न से खरीद और टॉप-अप कर सकते हैं:

- सभी 7-इलेवेन्स सहित सैकड़ों दुकानें से
- चयनित स्टेशनों और स्टॉप पर myki मशीनों से
- प्रीमियम स्टेशन टिकट कार्यालयों से
- PTV हब से
- त्वरित टॉप अप मशीनों से (अधिकतम $50 myki मनी)
- **ptv.vic.gov.au** या **1800 800 007** पर संपर्क करके (ऑनलाइन टॉप अप के लिए लगभग 45 मिनट का समय दें)।

आप अपने मोबाइल फोन पर PTV ऐप (NFC आवश्यक) का उपयोग करके तुरंत myki मनी से टॉप अप भी कर सकते हैं।

टॉप अप करने के लिए **ptv.vic.gov.au/retail** पर अपने लिए निकटतम स्थान ढूंढें

**ptv.vic.gov.au/concession** पर यह देखें कि क्या आप रियायत कार्ड (चाइल्ड, सीनियर और कन्सेशन) के पात्र हैं।

## myki पास या myki मनी का चयन करें

आप myki पास या myki मनी के साथ टॉप अप करने का चयन इस आधार पर कर सकते हैं कि आप कितनी बार यात्रा करते हैं। आपका कार्ड इनमें से किसी के साथ लॉक नहीं होता है, हर बार टॉप अप करने के लिए आप अपने लिए सबसे सही विकल्प का चुनाव करें।

आप एक ही समय में अपने कार्ड पर myki मनी और myki पास दोनों रख सकते हैं, लेकिन आपका कार्ड पहले myki पास का उपयोग ही करेगा।

यदि आपकी myki मनी का बैलेंस नकारात्मक है तो आपका myki पास काम नहीं करेगा।

किरायों के बारे में और अधिक जानकारी और myki मनी की myki पास से तुलना **ptv.vic.gov.au/fares** पर प्राप्त करें

## myki मनी

**यदि आप कभी-कभार यात्रा करते हैं, तो यात्रा करते वक्त उसी समय भुगतान करें।**
अपनी myki पर मनी लोड करें और यह आपकी यात्रा के आधार पर सबसे कम किराए का अनुमान लगायेगा।

दिन में आपके द्वारा इसके पहले टच ऑन पर 2 घंटे का किराया लगता है। यदि आप 2 घंटे के बाद भी यात्रा कर रहे होते हैं, तो आपसे दैनिक किराया लिया जाएगा।

| | दो घंटे** | |
|---|---|---|
| | संपूर्ण किराया | रियायत |
| ज़ोन 1+2 | $5.30 | $2.65 |
| केवल ज़ोन 2 | $3.30 | $1.65 |
| | **दैनिक** | |
| | संपूर्ण किराया | रियायत |
| ज़ोन 1–15 | $10.60 | $5.30 |
| केवल ज़ोन 2 | $6.60 | $3.30 |
| सप्ताहांत# | $7.20 | $3.60 |

**दिन में आपके द्वारा इसके पहले टच ऑन पर 2 घंटे का किराया लगता है। यदि आप 2 घंटे के बाद भी यात्रा कर रहे होते हैं, तो आपसे दैनिक किराया लिया जाएगा। #इसमें सार्वजनिक छुट्टियाँ शामिल हैं।

## myki पास

**यदि आप अक्सर यात्रा करते हैं, तो लगातार दिनों के लिए टॉप अप करें।**
जब आप सप्ताह में पांच दिनों से अधिक यात्रा करते हैं, तो आप myki पास से बचत करते हैं।

ज़ोन 1-15 के लिए सात दिनों की यात्रा की तुलना:
myki मनी **$67.40** (5 x दैनिक + 2 x सप्ताहांत दैनिक)
myki पास **$53.00** (7 दिन का पास)

| | 7 दिन | |
|---|---|---|
| | संपूर्ण किराया | रियायत |
| ज़ोन 1–15 | $53.00 | $26.50 |
| केवल ज़ोन 2 | $33.00 | $16.50 |
| | **28 – 325 दिन^** | |
| | संपूर्ण किराया | रियायत |
| ज़ोन 1–15 | $6.36◊ | $3.18◊ |
| केवल ज़ोन 2 | $3.96◊ | $1.98◊ |

^ जब आप 325 दिनों के लिए myki पास खरीदते हैं, तो आपको अतिरिक्त 40 दिनों के लिए निःशुलक यात्रा मिलती है।
◊ कीमत प्रति दिन।

## अधिकतम दैनिक किराया

### वैल्यू फेयर कैप

$

- ✓ पूरे दिन की असीमित यात्रा
- ✓ कोई भी ट्रेन, ट्राम या बस*
- ✓ पूरे मेलबॉर्न और पूरे विक्टोरिया में##
- ✓ यदि आप केवल ज़ोन 2 में यात्रा कर रहे हैं, तो आपका किराया सस्ता होता है

| दैनिक अधिकतम | कार्यदिवस | सप्ताहांत# |
|---|---|---|
| संपूर्ण किराया | $10.60 | $7.20 |
| रियायत | $5.30 | $3.60 |

* इसमें SkyBus, निजी तौर पर संचालित सेवाएं और यात्राएं शामिल नहीं हैं जो विक्टोरिया के बाहर शुरू या समाप्त होती हैं। ## लंबी दूरी की V/Line सेवाओं के लिए पेपर टिकटों की आवश्यकता होती है। #इसमें सार्वजनिक छुट्टियाँ शामिल हैं।

मूल्यों में myki कार्ड की एक-बारगी खरीदारी ($6 संपूर्ण किराया, $3 रियायत) शामिल नहीं है।

## अपने myki का उपयोग करना (टच ऑन और ऑफ)

आप जब भी किसी ट्रेन, बस और अधिकांश ट्राम में चढ़ते हैं तो आपको इसे टच ऑन करने की आवश्यकता होती है। इसे टच ऑफ करवाना आपके लिए सर्वोत्तम किराया सुनिश्चित करता है। टच ऑन और ऑफ के लिए निम्न त्वरित मार्गदर्शिका दी गई है:

| | टच ऑन | टच ऑफ |
|---|---|---|
| महानगरीय रेलगाड़ियाँ | ✓ | ✓ |
| महानगरीय बसें | ✓ | ✓ |
| ट्राम - निःशुल्क ट्राम ज़ोन के बाहर | ✓ | ✗ |
| ट्राम - निःशुल्क ट्राम ज़ोन या सिटी सर्कल के अंदर◊◊ | ✗ | ✗ |

◊◊ रूट 35

## PTV ऐप

PTV ऐप आपको myki को प्रबंधित करने और मेलबर्न या विक्टोरिया में आपकी यात्रा की योजना बनाने में मदद करने के लिए सुविधाओं से परिपूर्ण है।

इसे ऐप स्टोर या गूगल प्ले स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड करें, या और अधिक जानकारी के लिए **ptv.vic.gov.au/app** को देखें।

## क्षेत्रीय विक्टोरिया में myki

**आपको myki कार्ड की आवश्यकता तब होगी जब आप निम्न में यात्रा कर रहे हैं :**

- महानगर मेलबर्न के बीच V/Line रेलगाड़ियों में और:
  - Goornong and Raywood (Bendigo)
  - Seymour
  - Traralgon
  - Waurn Ponds (Geelong)
  - Wendouree (Ballarat)
- Ballarat, Bendigo, Bacchus Marsh, Geelong, Seymour, Kilmore, Wallanऔर Latrobe Valley.

के भीतर बसें।। myki ज़ोन के बाहर की यात्राओं के लिए पेपर टिकट की आवश्यकता होती है।

myki ज़ोन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए **ptv.vic.gov.au/fares** देखें

## क्षेत्रीय विक्टोरिया में पेपर टिकटों का उपयोग करना

**यदि आप myki सीमा से बाहर निम्न पर यात्रा कर रहे हैं तो आपको V/Line पेपर टिकट की आवश्यकता होगी:**

- Bairnsdale, Albury, Shepparton, Echuca, Swan Hill, Ararat, Maryborough or Warrnambool से लंबी दूरी की ट्रेनों पर
- सभी V/Line कोच।

**आपको क्षेत्रीय बस पेपर टिकट की आवश्यकता होगी यदि आप निम्न में यात्रा कर रहे हैं :**

- कई क्षेत्रीय स्थानीय बसें जो शहरों के बीच चलती हैं।

आप बस में अपना क्षेत्रीय बस पेपर टिकट खरीद सकते हैं।

यदि आप लंबी दूरी की सेवाओं पर V/Line के साथ यात्रा कर रहे हैं, तो पहले से ही योजना बनाएं और जहां उपलब्ध हो, वहां आरक्षण कराएं।

आप ऑनलाइन आरक्षण करा सकते हैं या **vline.com.au** पर जाकर अपना निकटतम टिकट आउटलेट ढूंढ सकते हैं

**आप अपना V/Line पेपर टिकट निम्न से खरीद सकते हैं:**

- **vline.com.au/book** या **1800 800 007** से संपर्क करके
- कर्मचारीयुक्त V/Lineऔर प्रीमियम महानगरीय स्टेशन से
- V/Line टिकट एजेंट से।

अपना टिकट खरीदने के लिए **vline.com.au/wheretobuy** पर अपने लिए निकटतम स्थान खोजें

**सिंग्ल** या **रिटर्न**

### सिंग्ल

एक तरफ़ा यात्रा जिसमें आपकी V/Line यात्रा के दोनों ओर दो घंटे के लिए निःशुल्क महानगरीय यात्रा शामिल होती है।

### रिटर्न

वापसी यात्रा या तो उसी दिन या टिकट पर मुद्रित मूल और डेस्टीनेशन (गंतव्य) के बीच अलग-अलग तारीखों पर हो सकती है। इसमें निःशुल्क महानगरीय यात्रा शामिल है।

### myki पास के लिए एक्सटेंशन टिकट

यदि आपके पास myki पास है और आप लंबी दूरी के स्टेशन से/तक यात्रा कर रहे हैं, तो तब भी आपको यात्रा से पहले myki सक्षम, कर्मचारीयुक्त V/Line स्टेशन या प्रीमियम महानगरीय स्टेशन से V/Line पेपर टिकट लेना होगा।

अपनी पूरी यात्रा के लिए अपनी टिकट को अपने पास रखना याद रखें। आपको यात्रा करते समय इसे यदि आपके पास रियायती कार्ड है तो उसके साथ दिखाना होगा।

V/Line पेपर टिकट के किराये की और अधिक जानकारी के लिए, **vline.com.au/tickets** देखें

क्षेत्रीय बस पेपर टिकट के किराये की और अधिक जानकारी के लिए, **ptv.vic.gov.au/regionalbustickets** देखें

## अपने myki को पंजीकृत करें

अपने myki को पंजीकृ त करके, आप निम्न कर सकते हैं

- अपने बैलेंस और यात्रा इतिहास को जांचना
- PTV ऐप पर तुरंत टॉप अप करना
- यदि आपका कार्ड खो जाता है या चोरी हो जाता है तो अपने बैलेंस को सुरक्षित बनाये रखना
- ऑटो टॉप अप सेट करना
- 10 myki तक का प्रबंधन करना

आप **ptv.vic.gov.au/register** पर या PTV ऐप के द्वारा इस कोड को स्कैन करके, अपने myki को पंजीकृ त कर सकते हैं।

## मोबाइल myki

मोबाइल myki आपके एंड्रॉइड फोन पर Google Wallet™ ऐप पर एक डिजिटल myki है। आप आते-जाते समय इसे टॉप अप कर सकते हैं, अपने फोन से टच ऑन और ऑफ कर सकते हैं और वास्तविक समय में अपना बैलेंस जान सकते हैं।

शुरुआत के लिए:

- Google Wallet™ डाउनलोड करें
- अपना भुगतान कार्ड सेट करने के लिए Google Wallet™ में दिए गए निर्देशों का पालन करें
- नीले " Add to Wallet " बटन पर टैप करें और ट्रांसपोर्ट पास को चुनें। myki को चुनें
- myki मनी या myki पास को चुनें
- अपना किराया चुनें: संपूर्ण किराया (फुल फेयर), चाइल्ड, सीनियर या जनरल कनसेशन
- ट्रांज़ैक्शन समाप्त करें और आप यात्रा के लिए तैयार हैं!


मोबाइल myki के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृ प्या **ptv.vic.gov.au/mobilemyki** देखें

# नि:शुल्क ट्राम ज़ोन

सिटी के फ्री ट्राम ज़ोन में सिटी सेंटर शामिल है और Queen Victoria Market से Docklands, Spring Street, Flinders Street Station और Federation Square तक फैला हुआ है।

**यदि आप शहर के फ्री ट्राम ज़ोन में यात्रा कर रहे हैं तो इसे टच ऑन या ऑफ न करवाएं। यहाँ आपको myki कार्ड की आवश्यकता नहीं है।**

यदि आप फ्री ट्राम ज़ोन से बाहर यात्रा कर रहे हैं तो इसे टच करवाना याद रखें।




ज़ोन की सीमाओं की पहचान करने के लिए ट्राम स्टॉप पर इन संकेतों को देखें।

FREE TRAM ZONE

# सिटी सर्कल ट्राम

सिटी सर्कल ट्राम पर यात्रा निःशुल्क है क्योंकि यह पूरी तरह से फ्री ट्राम ज़ोन के भीतर चलती है।

सिटी सर्कल पर ऐतिहासिक W क्लास ट्राम की सवारी करें और मेलबर्न की कहानियाँ सुनें।

- रोजाना सुबह 9.30 और शाम 5 बजे।
- ट्राम हर 12 मिनट में क्लॉकवाइज़ प्रस्थान करती हैं।
- गुड फ्राइडे और क्रिसमस पर सेवा उपलब्ध नहीं है।




© Public Transport Victoria 2022

और अधिक जानकारी के लिए **ptv.vic.gov.au** देखें या **1800 800 007** पर संपर्क करें।

यदि आपको सुनने में कठिनाई होती है, या सुनने या बोलने में अक्षम हैं, तो राष्ट्रीय रिले सेवा के माध्यम से हमसे संपर्क करें - और अधिक जानकारी के लिए, **relayservice.gov.au** देखें।

1 जनवरी 2024 से।

अन्य भाषाओं में जानकारी के लिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 普通話 | 9321 5454 | 廣東話 | 9321 5441 |
| **Italiano** | 9321 5444 | ਪੰਜਾਬੀ | 9321 5445 |
| **Ελληνικά** | 9321 5443 | हिन्दी | 9321 5442 |
| **Việt-ngữ** | 9321 5449 | සිංහල | 9321 5446 |
| عربي | 9321 5440 | **Español** | 9321 5447 |

यदि आपकी भाषा सूचीबद्ध नहीं है तो **ptv.vic.gov.au/languages** देखें या **9321 5450** पर संपर्क करें।

DTP0477-E/23

VICTORIA State Government | Department of Transport and Planning

परिवहन और योजना विभाग, 1 Spring Street, Melbourne द्वारा अधिकृत